कर्मचारी राज्य बीमा निगम
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION

उप क्षेत्रीय कार्यालय (रोहिणी)
डी-11, सेक्टर-7 रोहिणी, दिल्ली-110085
SUB REGIONAL OFFICE (ROHINI)
D-11, Sector-7, Rohini, Delhi-110085
Phone No.-011-25970769
E-mail: dir-rohini@esic.in

संख्या : 22-ए/49/12/1/2024-रा.भा. दिनांक :

परिपत्र

विषय : राजभाषा पखवाड़ा एवं समापन समारोह – 2025 का आयोजन ।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप- क्षेत्रीय कार्यालय, रोहिणी के सभी शाखाधिकारियों /शाखाओं एवं अधीनस्थ सभी शाखा कार्यालय प्रबंधकों को मुख्यालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या : संख्या : ए-49/16/5/2024-रा.भा., दिनांक 01.09.2025 के अनुसरण में सूचित किया जाता है कि 14-15 सितंबर, 2025 को गाँधीनगर, गुजरात में श्री अमित शाह जी, माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह एवं पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 14 सितंबर, 2025 से 28 सितंबर, 2025 तक की अवधि को "राजभाषा पखवाड़ा" के रूप में मनाने एवं 29 सितंबर, 2025 को राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह- 2025 आयोजित करने तथा 16 सितंबर, 2025 से 28 सितंबर, 2025 की अवधि के दौरान हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निश्चय किया गया है ।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से आह्वान किया जाता है कि वे राजभाषा पखवाड़े के दौरान अधिकाधिक पत्रादि हिंदी में ही भेजने का प्रयत्न करें ताकि राजभाषा कार्यान्वयन का लक्ष्य पूर्ण हासिल किया जा सके । इसके अलावा यह भी अनुरोध है कि निम्न बिंदुओं पर कार्रवाई करना अपेक्षित है, जो इस प्रकार है :-

1. प्रत्येक पत्रादि के शीर्ष पर "राजभाषा पखवाड़ा 2025" अवश्य अंकित किया जाए ।
2. सभी भेजे जाने वाले पत्रों पर "यह कार्यालय हिंदी पत्राचार का स्वागत करता है" अंकित किया जाए ।
2. कार्यालय के मुख्य द्वार पर राजभाषा पखवाड़े का बैनर प्रदर्शित किया जाए ।
3. सभी कार्यसाधक और प्रवीणता ज्ञान प्राप्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कार्यालयीन कार्य हिंदी में ही करें ।
4. अधिकाधिक टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार और प्रपत्र जैसे कार्य मूल रूप में हिन्दी में किए जाने पर बल दिया जाए ।
5. सरल हिन्दी के प्रयोग पर बल दिया जाए ।
6. सभी शाखा कार्यालयों में उक्त अवधि के दौरान "राजभाषा पखवाड़ा" का बैनर लगाया जाए । सभी शाखा प्रबंधक दौरान मुख्यालय/मंत्रालय द्वारा जारी की गई अपील पढ़कर सुनाएँ । इससे हिंदीमय वातावरण के प्रति संकल्पवान होने की प्रेरणा मिलेगी ।

यह परिपत्र संयुक्त निदेशक (प्रभारी) महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

Digitally signed by
Ravinder Kumar Panwar
Date: 04-09-2025
09:34:15

(रविन्द्र कुमार पँवार)
सहायक निदेशक (प्र.रा.भा.)

प्रतिलिपि :-

1. सभी शाखाधिकारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रोहिणी ।
2. कार्यालय अधीक्षक/सभी शाखाएँ, उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, रोहिणी ।
3. सभी शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, -------- ।
4. सूचना पट्ट, उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रोहिणी ।